# कार्यालय भर्ती समिति, जिला न्यायालय, महासमुन्द (छ.ग.)

## // सूचना //

**क्रमांक–16/ चयन समिति/2024** महासमुन्द, दिनांक **24/04/2025**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुन्द (छ0ग0) के अन्तर्गत रिक्त स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–3 के समकक्ष के प्रवर्गवार पदों पर सीधी भर्ती हेतु **दिनांक 04 मई 2025 दिन रविवार** को कौशल परीक्षा आयोजित की गई है । उक्त कौशल परीक्षा में स्नातक परीक्षा के प्रतिशत/ग्रेड के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची अनुसार रिक्त पदों के दस गुना तक अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया गया है, जिसकी सूची एवं प्रवेश पत्र जारी कर जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट https://mahasamund.dcourts.gov.in/ पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है । पृथक से किसी भी अभ्यर्थी को उनके पते पर प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किया जायेगा।

स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–3 के समकक्ष पद की कौशल परीक्षा हेतु परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया गया है, :–

**–:: परीक्षा कार्यक्रम ::–**

| क्र | पद नाम | परीक्षा का नाम | परीक्षा का दिन एवं दिनांक | परीक्षा का समय | परीक्षा स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 (हिन्दी) | कौशल परीक्षा | 04 मई 2025 रविवार | सुबह 09 बजे से 11 बजे तक | जिला न्यायालय परिसर, बी.टी.आई रोड महासमुन्द |
| 2 | सहायक ग्रेड–3 के समकक्ष पद | कौशल परीक्षा | 04 मई 2025 रविवार | सुबह 11 बजे से 02 बजे तक | जिला न्यायालय परिसर, बी.टी.आई रोड महासमुन्द |

**टीप** :–

1. कौशल परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थी परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा स्थल में उपस्थित रहेंगे। परीक्षा स्थल में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी द्वारा पासपोर्ट साईज का एक रंगीन फोटोग्राफ्स को प्रवेश पत्र में संलग्न कर एवं आईडी प्रुफ (पहचान पत्र)

जैसे ड्राइविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदाता परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड एवं **अपने अर्हता से संबंधित सभी मूल दस्तावेज** लेकर कौशल परीक्षा हेतु उपस्थित होना होगा । अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी। कौशल परीक्षा के पूर्व अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन किया जावेगा । अभ्यर्थी के परिजनों को परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जावेगी ।

2. अभ्यर्थी कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में **अपने अर्हता से संबंधित सभी मूल दस्तावेज** सहित उपस्थित होवे। उपस्थित नहीं होने की दशा में अभ्यर्थी की अनुपस्थिति दर्ज की जावेगी, जिसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
3. यदि स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–3 के समकक्ष पद की कौशल परीक्षा नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यर्थियों को आगामी परीक्षा तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम, जिला न्यायालय के वेबसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा ।
4. कौशल परीक्षा हेतु योग्य पाये गये अभ्यर्थी परीक्षा तिथि दिनांक 04.05.2025 दिन रविवार को **दस्तावेज सत्यापन हेतु सुबह 08 बजे तक** अनिवार्य रूप से उपस्थित हो जावे ।

**नोट :–** स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–3 के समकक्ष पद की भर्ती के संबंध में अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट https://mahasamund.dcourts.gov.in/ पर स्वयं प्राप्त करेंगे ।

**सही/–**
अध्यक्ष
भर्ती समिति एवं
प्रथम जिला एवं अति. सत्र न्यायाधीश
महासमुन्द (छ.ग.)